सूर्य देव की आरती

ॐ जय सूर्य भगवान, जय हो दिनकर भगवान।
जगत के नेत्र स्वरूपा, तुम हो त्रिगुण स्वरूपा, धरत सब ही तव ध्यान।
ॐ जय सूर्य भगवान॥

सारथी अरुण हैं प्रभु तुम, श्वेत कमलधारी, तुम चार भुजाधारी।
अश्व हैं सात तुम्हारे, कोटि किरण पसारे, तुम हो देव महान॥
ॐ जय सूर्य भगवान॥

ऊषाकाल में जब तुम, उदयाचल आते, सब तब दर्शन पाते।
फैलाते उजियारा, जगता तब जग सारा, करे सब तब गुणगान॥
ॐ जय सूर्य भगवान॥

संध्या में भुवनेश्वर, अस्ताचल जाते, गोधन तब घर आते।
गोधूली बेला में, हर घर हर आंगन में, हो तव महिमा गान॥
ॐ जय सूर्य भगवान॥

देव-दनुज नर-नारी, ऋषि-मुनिवर भजते, आदित्य हृदय जपते।
स्तोत्र ये मंगलकारी, इसकी है रचना न्यारी, दे नव जीवन दान॥
ॐ जय सूर्य भगवान॥

तुम हो त्रिकाल रचयिता, तुम जग के आधार, महिमा तव अपरम्पार।
प्राणों का सिंचन करके, भक्तों को अपने देते, बल, बुद्धि और ज्ञान॥
ॐ जय सूर्य भगवान॥

भूचर जलचर खेचर, सब के हों प्राण तुम्हीं, सब जीवों के प्राण तुम्हीं।
वेद-पुराण बखाने, धर्म सभी तुम्हें माने, तुम ही सर्वशक्तिमान॥
ॐ जय सूर्य भगवान॥

पूजन करती दिशाएँ, पूजे दश दिक्पाल, तुम भुवनों के प्रतिपाल।
ऋतुएँ तुम्हारी दासी, तुम शाश्वत अविनाशी, शुभकारी अंशुमान॥
ॐ जय सूर्य भगवान॥

Source: Neoastro.com

SURYA BHAGWAN KI AARTI

Om Jai Surya Bhagwan, Jai Ho Dinkar Bhagwan.
Jagat Ke Netra Swaroopa, Tum Ho Trigun Swaroopa, Dharat Sab Hi Tav Dhyan.
Om Jai Surya Bhagwan.

Sarathi Arun Hai Prabhu Tum, Shwet Kamaladhari, Tum Char Bhuja Dhari.
Ashwa Hain Saat Tumhare, Koti Kiran Pasaare, Tum Ho Dev Mahan.
Om Jai Surya Bhagwan.

Usha Kaal Mein Jab Tum, Udayachal Aate, Sab Tab Darshan Paate.
Phailaate Ujiyaara, Jagta Tab Jag Saara, Kare Sab Tab Gun Gaan.
Om Jai Surya Bhagwan.

Sandhya Mein Bhuvaneshwar, Astaachal Jaate, Godhan Tab Ghar Aate.
Godhuli Bela Mein, Har Ghar Har Aangan Mein, Ho Tav Mahima Gaan.
Om Jai Surya Bhagwan.

Dev-Danuj Nar-Naari, Rishi-Munivar Bhajate, Aditya Hriday Japte.
Stotra Ye Mangalkari, Iski Hai Rachna Nyaari, De Nav Jeevan Daan.
Om Jai Surya Bhagwan.

Tum Ho Trikaal Rachayita, Tum Jag Ke Adhaar, Mahima Tav Aparampaar.
Pranon Ka Sinchan Karke, Bhakton Ko Apne Dete, Bal, Buddhi Aur Gyaan.
Om Jai Surya Bhagwan.

Bhochar Jalchar Khechar, Sab Ke Hon Praan Tumhi, Sab Jeevon Ke Praan Tumhi.
Ved-Puran Bakhaane, Dharma Sabhi Tumhein Maane, Tum Hi Sarv Shaktimaan.
Om Jai Surya Bhagwan.

Poojan Karti Dishaayein, Pooye Dash Dikpaal, Tum Bhuvon Ke Pratipaala.
Rituen Tumhari Daasi, Tum Shaashvat Avinaashi, Shubhkaari Anshumaan.
Om Jai Surya Bhagwan.

Source: Neoastro.com